Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 06-03-2006

Participants : Paswan Shri Sukdeo

Title : Need to start mobile services of B.S.N.L. in Forbesganj, Narpatganj and Jogbani areas of Araria Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में फारबिसगंज नरपतगंज और जोगबनी से बी.एस.एन.एल की मोबाइल सेवा अभी तक शुरू नहीं की गयी है। यह क्षेत्र नेपाल सीमा क्षेत्र से नजदीक है। काफी समय से यह मांग होती रही है, किंतु सरकार ने यहां से मोबाइल सेवा अभी तक शुरू करने की अनुमति नहीं दी है। यहां से भारत और नेपाल के बीच व्यापार होते हैं। यहां से नेपाल जाने के लिए जोगबनी ही एकमात्र दूसरा रास्ता है। बिहार में अन्य सीमावर्ती क्षेत्र जैसे मधुबनी, रक्सौली, सिलिगुड़ी, पानी टंकी आदि जगहों से तो बी.एस.एन.एल. की मोबाइल सेवा चालू है, किंतु फारबिसगंज और जोगबनी से सेवा शुरू नहीं की जा रही है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि आज सूचना क्रांति के दौर में फारबिसगंज और जोगबनी, नरपतगंज से भी अविलम्ब बी.एस.एन.एल की मोबाइल सेवा चालू करने का कट करें।